## खबर संक्षेप

### बेटे ने शराब पीने के लिए रुपए नहीं दिए तो पिता ने खाया जहर



**मैहर।** आज कल लोग शराब के इतने आदी हो गए है कि अगर शराब पीने को पैसे न दिए जाए तो जहर भी खा लेते है। ऐसी एक घटना सामने आई है जिसमें बताया जा रहा है कि मैहर जिले के मौदहा गांव में गुरूवार की रात तो सौखी लाल साकेत 50 वर्ष ने अपने बेटे साजन साकेत से शराब पीने के लिए रात 3 बजे को रुपयों की मांग की मगर बेटे ने रुपए देने से मना किया गया तो घर में रखी चूहा मार की दवा पी ली। सुबह जब सौखी लाल को उल्टी होने लगी तो इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बदेरा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बार मैहर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मैहर अस्पताल में अभी उनका इलाज चल रहा है।

### खरीदी केंद्र पहुंचकर विधायक ने किया निरीक्षण

**मैहर।** मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी आज अपने कार्यक्रमों को लेकर ग्राम भरौली पहुंचे थे इसके बाद लौटते वक्त उन्होंने अचानक ग्राम बेरमा में स्थित खरीदी केंद्र पहुंचकर खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने खरीदी प्रभारी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि मैहर के किसी भी किसान भाइयों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो जिसे पूरी तरह से ध्यान में रखा जाए और साथ ही साथ समय को ध्यान में रखते हुए तौलाई करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने किसानों से भी यह अपील करते हुए कहा कि सभी किसान भाई सरकार को गेहूं देकर सरकार की मदद करें एवं विधायक ने किसानों के ठहरने एवं बैठने व शुद्ध पेयजल वाहन पाकग जैसी सभी सुविधाओं को सही करने हेतु खरीदी केंद्र के प्रभारी कर्मचारी को उचित दिशा निर्देश दिए।

### आस्था पर भी मंहगाई का हुआ असर

**मैहर।** मैहर स्थित प्रसिद्ध मां शारदा देवी के दर्शन करने हेतु देश भर से श्रद्धालुगण आते हैं और अपने बच्चों का मुंडन कराते है वहीं कथा,हवन करते है जिसके लिए समिति के द्वारा अभी नाई मुंडन एवं पूजन के लिए 100 एवं हवन के लिए 121 रुपयों की रसीद काटी जाती रही है। किंतु मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति की बैठक के प्रस्ताव में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि मंदिर समिति के द्वारा संचालित नाई मुंडन,कथा पूजन एवं हवन निर्धारित शुल्क में वृद्धि की जाए। इस दौरान चर्चा में बताया गया कि लगभग 6 वर्षो से इनमें कोई वृद्धि नहीं की गई है। अतः अब नाई मुंडन शुल्क 100 रुपए के स्थान पर 200 रुपए,कथा पूजन शुल्क 100 रुपए के स्थान पर 200 रुपए एवं हवन के लि 121 रुपए के स्थान पर अब 500 रुपए लिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं की इच्छा अनुसार न्योछावर,दान इत्यादि मान्य होगा। नाईयों,कथा वाचकों एवं हवनकर्ताओं पंड़ितों के द्वारा श्रद्धालुओं से दान हेतु जोर जबरजस्ती करने पर पंजीयन निरस्त कर स्थल से पृथक कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि अब हवन में लिए गए 500 रुपयों में पुरोहितो को 100 रुपए एवं कथा एवं मुंडन में लिए गए 200 रुपयों में 100 रुपए नाई एवं पंड़ितों को दिए जाएंगे।

### महिला सशक्तिकरण के बिना विकास की कल्पना अधूरी हैः श्रीकांत



**मैहर।** ग्राम पंचायत भरौली में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।स्वास्थ्य,शिक्षा,स्वच्छता,स्वरोजगार एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और उनके सशक्ति करण के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण अंचलों की प्रत्येक महिला योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बने। यहीं नहीं विशेष रूप से महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा, स्वास्थ्य,शिक्षा और स्वरोजगार से जुड़े विषयों पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

# सिंगरौली डकैती से दहला विंध्यः सतना में 'हाई अलर्ट', बैंकों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने कसी कमर

**सतना।**

रीवा संभाग सिंगरौली जिले में करोड़ों रुपये की सनसनीखेज बैंक डकैती की वारदात ने पूरे रीवा संभाग के सुरक्षा तंत्र को हिलाकर रख दिया है। इस दुस्साहसिक घटना के बाद पुलिस प्रशासन अब किसी भी प्रकार की कोताही बरतने के मूड में नहीं है। सूत्रों ने शुक्रवार की शाम बताया कि पूरे संभाग में 'रेड अलर्ट' जारी कर दिया गया है,जिसका व्यापक असर सतना जिले में भी देखने को मिल रहा है।

### सुरक्षा घेरे में बैंक,सतना पुलिस भी चौकन्नी

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिंगरौली की घटना से सबक लेते हुए सतना जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित बैंक शाखाओं और वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा का ऑडिट करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सतना शहर के मुख्य बाजारों और संवेदनशील इलाकों में स्थित बैंकों के बाहर पुलिस देखी गई। पुलिस की टीमें बैंकों के भीतर जाकर न केवल सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जांच कर रही हैं,बल्कि अलार्म सिस्टम और सुरक्षा गार्डों की सक्रियता को भी परख रही हैं। पुलिस ने बैंक प्रबंधकों के साथ आपात बैठकें कर उन्हें संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल सूचना देने के लिए प्रेरित करने की कवायद हो सकती है।



### सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकेबंदी और सर्चिंग

चूँकि सिंगरौली की घटना के तार अंतर्राज्यीय गिरोहों से जुड़े होने की आशंका है, इसलिए सतना जिले की सीमाओं पर,विशेषकर उत्तर प्रदेश से सटे इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के जवान वाहनों की डिग्गी और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ले रहे हैं। बिना नंबर की गाड़ियों और संदिग्ध हुलिए वाले लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आम जनता और व्यापारियों से भी अपील की है कि बड़ी नकद राशि के लेनदेन के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। बैंकों के पास बिना कारण खड़े होने वाले व्यक्तियों या रेकी करने वाले संदिग्धों की जानकारी तुरंत 'डायल 100' या नजदीकी थाने को दें।



### डिजिटल और फिजिकल गश्त पर जोर

सतना पुलिस अब 'बीट पेट्रोलिंग' के साथ-साथ डिजिटल सर्विलांस का भी सहारा ले रही है। बैंकों के प्रवेश और निकास द्वारों पर लगे कैमरों का एक्सेस पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है ताकि रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सके। सिंगरौली डकैती ने पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की है,लेकिन सतना पुलिस की यह मुस्तैदी अपराधियों के हौसले पस्त करने और जनता में विश्वास बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नकाब जानी और हिस्ट्री सीटर बदमाशों पर नजर रखी जा रही है नाकेबंदी करने के निर्देश दिए गए हैं पुलिस पूरे हाई अलर्ट मोड पर है।

#### इनका कहना है-

-सिंगरौली की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है,लेकिन इससे सीख लेते हुए सतना में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हमने सभी बैंकों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए हैं और गश्त बढ़ा दी गई है। कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

**स्थानीय पुलिस प्रशासन**



# चित्रकूट अमावस्या मेला: मंदाकिनी तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों ने लगाई डुबकी




**सतना।**

धर्मनगरी चित्रकूट में अमावस्या के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। तड़के सुबह से ही देश के विभिन्न राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी माँ मंदाकिनी नदी के रामघाट और अन्य प्रमुख घाटों पर पवित्र स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं का रेला भगवान कामतानाथ जी के दर्शन हेतु उमड़ पड़ा। पूरी धर्मनगरी 'जय श्री राम' और 'कामदगिरि भगवान की जय' के जयकारों से गुंजायमान रही। भक्तों ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पांच कोसीय परिक्रमा की,जिससे परिक्रमा मार्ग पर पैर रखने तक की जगह शेष नहीं रही।

### सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था

मेला क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया है।भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल,स्वास्थ्य शिविर और सुगम आवागमन के विशेष प्रबंध किए गए हैं। धार्मिक मान्यता है कि अमावस्या पर चित्रकूट में स्नान और कामदगिरि की परिक्रमा करने से सभी कष्टों का निवारण होता है,यही कारण है कि यहाँ हर माह लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं।

# जनगणना प्रशिक्षण में 'बदबूदार' भोजन पर भड़के शिक्षक, थालियां फेंक जताया कड़ा विरोध





**सतना।**

जिले में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गया,जब भोजन की घटिया गुणवत्ता देख शिक्षकों का धैर्य जवाब दे गया। स्थानीय व्यंकट क्रमांक-1 सभागार में चल रहे प्रशिक्षण के तीसरे दिन,परोसे गए खाने से आ रही दुर्गंध और निम्न स्तर को लेकर प्रशिक्षुओं ने जमकर नारेबाजी की और विरोध स्वरूप अपनी थालियां फेंक दीं।

### बारात का बचा हुआ खाना और 'गाय' का जिक्र

हंगामे के दौरान प्रशिक्षुओं ने खाने की गुणवत्ता पर तीखे सवाल खड़े किए। एक महिला शिक्षक ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि,खाना देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे किसी बारात का बचा हुआ बासी भोजन पैक कर दिया गया हो। सब्जी से आ रही तेज दुर्गंध के कारण अधिकांश प्रगणकों ने निवाला तक नहीं छुआ। हैरानी की बात तो यह रही कि जब शिक्षकों ने वह खाना बाहर फेंका,तो वहां खड़ी गाय ने भी उसे खाने से इनकार कर दिया। इस दृश्य ने प्रशासन की व्यवस्थाओं और ठेकेदार की लापरवाही की पोल खोलकर रख दी।

### बजट भारी,व्यवस्था लाचार

सूत्रों के अनुसार,शासन द्वारा ठेकेदार को प्रति व्यक्ति नाश्ते और भोजन के लिए 200 रुपए का भुगतान किया जा रहा है। इतनी सम्मानजनक राशि के बावजूद प्रशिक्षुओं को ऐसा खाना परोसा जाना भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही की ओर इशारा करता है।

### अधिकारियों की फटकार और जांच का भरोसा

हंगामे की सूचना मिलते ही नोडल अधिकारी एवं नगर निगम उपायुक्त सत्यम मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के बाद ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई।

### कार्रवाई का डर और सुचारू व्यवस्था की मांग

यद्यपि मौके पर भारी नाराजगी देखी गई,लेकिन कई कर्मचारी कैमरे के सामने आने से कतराते रहे। उन्हें डर है कि आवाज उठाने पर प्रशासन उनके विरुद्ध ही मोर्चा न खोल दे। फिलहाल,प्रशिक्षुओं ने एक स्वर में मांग की है कि भविष्य में भोजन की शुद्धता सुनिश्चित की जाए ताकि प्रशिक्षण कार्य बिना किसी मानसिक और शारीरिक परेशानी के संपन्न हो सके।

#### इनका कहना है-

भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हमने खाने की सैंपलिंग कराने के निर्देश दिए हैं। यदि जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होती है,तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**सत्यम मिश्रा,उपायुक्त, नगर निगम सतना**

# कलेक्टर ने जनगणना प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण

**मैहर।**

कलेक्टर मैहर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमति बिदिशा मुखर्जी ने शुक्रवार को विवेकानंद महाविद्यालय मैहर पहुंच कर वहां जनगणना कार्य में सलग्न प्रगंडक और सुपरवाइजर को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि भारत की जनगणना के कार्य में पूरी गंभीरता के साथ त्रुटि हीन गणना करे। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग को गंभीरता पूर्वक लेकर सभी शंकाओं का समाधान प्रशिक्षण के दौरान कर ले। इस मौके पर तहसीलदार और चार्ज अधिकारी मैहर जितेंद्र पटेल ने बताया कि मैहर तहसील में 540 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं। कार्यक्रम में 513 प्रगणक और 86 सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### स्कूलों के समय में परिवर्तन

मैहर कलेक्टर विदिशा मुखर्जी ने भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। अब नर्सरी से लेकर 12 वीं कक्षा के स्कूल सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच होंगे संचालित। मैहर जिले में लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आज शुक्रवार को स्कूलों के समय में बड़ा बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार अब नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के सभी शासकीय, अशासकीय, केंद्रीय विद्यालय, सीबीएसई एवं अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि तापमान में लगातार वृद्धि के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है,ताकि बच्चों को तेज गर्मी से राहत मिल सके। आदेश के तहत शिक्षण कार्य दोपहर 12:30 बजे तक समाप्त होगा,जबकि शैक्षणिक स्टाफ को दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर आवश्यक कार्य संपादित करना होगा। हालांकि,शासन द्वारा पूर्व निर्धारित परीक्षाएं एवं अन्य आवश्यक कार्यक्रम अपनी तय समय-सारणी के अनुसार ही संचालित किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।



### संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने बैठक आयोजित

# आगामी योजनाओं, पार्टी की रणनीति पर विचार विमार्श किया गया

**मैहर।** गत दिवस जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई 'रोमी' ने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट कर संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की। मैहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई 'रोमी' हाल ही में भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिघार तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस भेंट के दौरान श्री घई ने मैहर जिले के संगठनात्मक ढांचे, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से शीर्ष नेतृत्व के समक्ष रखा। उन्होंने आगामी योजनाओं और पार्टी की रणनीति को लेकर भी विचार-विमर्श किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जिला अध्यक्ष को संगठन को और अधिक मजबूत करने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में क्षेत्रीय विकास,जनहित के मुद्दों और पार्टी की भविष्य की रणनीति को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। वरिष्ठ नेताओं ने भरोसा दिलाया कि संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर मैहर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष रामभद्र पांडे,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति,जितेंद्र कुशवाहा,अमजद खान, दीपक मिश्रा,सुरेश विश्वकर्मा,गुड्डू सिंह और महेंद्र त्रिपाठी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में युवक ने घर में लगाई आग, 20 क्विंटल अनाज समेत गृहस्थी का सामान जलकर खाक




**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुदरा झरकुआ में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शराब के नशे में एक 45 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में आग लगा दी। इस हादसे में घर में रखा लगभग 20 क्विंटल अनाज और पूरा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया, जिससे परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया। घटना की सूचना आरोपी के भतीजे ने तुरंत डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही आरक्षक मुनेंद्र सिंह और पायलट कैलाश दहायत मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो चुका था। परिजनों के अनुसार, आरोपी विंदु अहिरवार (उम्र लगभग 45 वर्ष) पत्नी के अचानक छोड़कर चले जाने के कारण मानसिक तनाव में था। इसी तनाव के चलते उसे शराब की लत लग गई थी। बताया जा रहा है कि घटना के दिन उसने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया, जिससे उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया और उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई पूरी कर ली है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद ही घटना के सभी पहलुओं की स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पानी चौपाल का आयोजन



**बिसानी तालाब में की साफ-सफाई**

**पन्ना।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा शाहनगर विकासखंड की ग्राम पंचायत बिसानी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पानी चौपाल के आयोजन सहित गांव के तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने इस अवसर पर किसानों को पानी के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में अवगत कराया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित टपक सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई एवं पोर्टेबल सिंचाई योजना के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सभी उपस्थित किसानों को इन योजनाओं में पंजीयन करवाकर लाभ प्राप्त करने की सलाह दी गई। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी यमन सिंह ने विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा तालाब की साफ-सफाई कर ग्रामीणों से तालाब को स्वच्छ बनाए रखने की अपील भी की गई। इस दौरान तकनीकी सहायक निधि बागरी एवं मानसी श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

### अमानगंज पुलिस की बड़ी सफलता, 19 गुम मोबाइल बरामद, फरियादियों के चेहरे खिले



**अमानगंज।** अमानगंज थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन के निर्देशन में साइबर सेल की मदद से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्र से 19 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीक और साइबर सेल की सहायता से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर यह सफलता हासिल की। बरामद मोबाइल संबंधित फरियादियों को वापस लौटाए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी साफ झलकती नजर आई। लोगों ने अमानगंज पुलिस की इस तत्परता के लिए आभार भी जताया। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन के साथ-साथ आरक्षक अरुण तिवारी, अखिल पाल और विश्वास शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्रवाई से पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।

## सांदीपनी मॉडल उमावि पन्ना का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत वहीं 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 98.26 प्रतिशत

छात्रा प्राची शर्मा ने 500 में से 485 अंक अर्जित करते हुये प्रथम स्थान किया प्राप्त



**पन्ना।** सांदीपनी शासकीय मॉडल उ0मा0वि0 पन्ना का परीक्षा परिणाम 2026 जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं का जो घोषित हुआ जिसमें सांदीपनी शासकीय मॉडन उ0मा0वि0 पन्ना का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम सत प्रतिषत रहा। 124 परिक्षार्थियों में से सभी परीक्षाथी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये जिनमें से 83 परिक्षार्थयों ने 75 प्रतिषत से अधिक अंक अर्जित करते हुये शासन की महत्वाकांक्षी योजना लेपटॉप वितरण में अपना स्थान सुनिष्चित कर संस्था को गौरान्वित किया। विद्यालय के गणित संकाय के छात्र सूरज लोधी ने कुल 500 में से 482 अंक अर्जित करते हुये विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस छात्र ने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किये तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 98.26 प्रतिषत रहा। छात्रा कु0 प्राची शर्मा ने 500 में से 485 अंक अर्जित करते हुये कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इस कक्षा में 96.50 प्रतिषत परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में हुये उत्तीर्ण। गत वर्ष के परीक्षा परिणाम की तुलना में इस वर्ष संस्था के दोनों कक्षाओं यानिकी कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में वृद्धि हुई। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिये संस्था के प्राचार्य जयकरण पटेल ने संस्था के सभी षिक्षकों को बधाई प्रेषित की एवं प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनायें सम्प्रेषित की।

## पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल कुंजवन का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत आने से जहां विद्यालय की गरिमा स्वमेव चर्चा में

पिछले वर्ष कुंजवन हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 53 प्रतिषत के लगभग बताया गया वपहीं इस वर्ष पीएम श्री हाइ स्कूल होने से जहां षिक्षकों की दृढता व लगन से 83 प्रतिषत परीक्षा परिणाम छात्र-छात्राओं का आने से विद्यालय की दिषा षिक्षा की ओर प्रगति को लेकर बनी साक्षी



**पन्ना।**

पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल कुंजवन का परीक्षा परिणाम कक्षा 10वीं में छात्र-छात्राओं की सफलता को लेकर 83 प्रतिषत आने से जहां शासकीय हाई स्कूल पीएम श्री कुंजवन के प्राचार्य रजा खांन ने अपने समस्त षिक्षकगणों व स्टाफ को बधाई तो दी ही साथ ही छात्र-छात्राओं की इस सफलता को लेकर जहां अभिभावकों सहित शुभकामनायें भी प्रेषित की। गौरतलब बात यह है कि षिक्षा की बेहतरी के प्रयास जो पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल कुंजवन के होने से जो सरकार की मंषा भावी भविष्य के निर्माण को लेकर सपने सजोये गये वह कहीं न कहीं परीक्षा परिणाम में बेहतरी को लेकर भी साक्षी बने क्योंकि निष्चित ही जब दृढता व लगन से षिक्षकगणों के द्वारा छात्र-छात्राओं को षिक्षा प्रदान की जाती है वहीं बहु आयामी षिक्षा को लेकर जो इस विद्यालय में आयाम तय किये जा रहे है उससे कहीं न कहीं विद्यालय में षिक्षा के वातावरण की बेहतर दिषा साथ ही संगीत हो या खेल सभी विधाओं में छात्र-छात्राओं को दिषा दी जा रही है। वहीं गुणवत्ता पूर्ण षिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य लेकर जो षिक्षकों के द्वारा प्रयास किये गये उसका प्रतिफल हाई स्कूल परीक्षा परिणाम आने में ही खुषियों को लेकर वहीं समस्त विद्यालय में जहां इस सफलता को लेकर प्राचार्य सहित समस्त षिक्षकगणों के स्टाफ में यह सफलता आगे के लिये भी हौसला अफजाई को लेकर मानी जा रही है वहीं छात्र-छात्राओं में षिक्षा के क्षेत्र में जो प्रगति उनकी प्रतिभा तय होती है वह परीक्षा परिणाम के आने के बाद ही जानी जाती है जो स्वमेव साक्षी बनी। वहीं पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल कुंजवन में आगामी षिक्षा सत्र को लेकर भी कहीं न कहीं षिक्षा के क्षेत्र में सतत लक्ष्य के साथ बेहतरी के प्रयास को लेकर तत्परता जारी।

## छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, युवक करता था परेशान



**पन्ना।** जिला मुखयालय कोतवाली थाना अंतर्गत नगर के राजा बाबू कॉलोनी में किराए के मकान पर रहने, वाली छात्रा पुष्पा अहिरवार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर घटनास्थल पहुंची तथा परिजनों को सूचना दी गई बताया जाता है कि पुष्पा अहिरवार अकेली रहकर बीएससी प्रथम वर्ष की पढ़ाई करती थी उसे पुरेना ग्राम निवासी विकास अहिरवार विगत 1 वर्ष से फोन लगाकर परेशान करता था इसी के चलते या घटना घटित हुई। पुलिस द्वारा मृतका को फांसी से उतार कर पोस्टमार्टम कराया तथा मार्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है।

## नॉलेज किंग्डम हाई स्कूल पवई के छात्र/छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी एवं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

### संस्था प्रमुख ने दी सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं





**पवई।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा बुधवार सुबह 11रू00 बजे हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें पन्ना जिले की तहसील पवई नगर के नॉलेज किंग्डम हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल कक्षा 10 में अध्यनरत सभी छात्र छात्रा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें वेद छिरोलिया 96.4, अनन्या खंपरिया 95.6,श्रुति सेठिया 91.4,कृतिका खंपरिया 89.6, काव्या तिवारी 86.8,वीर प्रताप सिंह 86,आरुष खरे 82,अथर्व तिवारी 78.2,हंसिका डेंगरे 75.2 और आरुषि खरे 74ः अंक के साथ प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की संस्था प्रमुख कुलदीप चौबे के द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की लिए शुभकामनाएं दी।

## देवेंद्रनगर में 11 से 25 अप्रैल तक "मिशन परिवार विकास पखवाड़ा" आयोजित

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिलेंगी परिवार नियोजन की नि:शुल्क सेवाएं**

**परिवार नियोजन है समझदारी यही है खुशहाली डॉ अभिषेक जैन**



**देवेन्द्रनगर।** बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने एवं दंपत्तियों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवेंद्रनगर में 11 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक "मिशन परिवार विकास पखवाड़ा" का आयोजन किया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि इस पखवाड़े को दो चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण "दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा" 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित होगा जिसके अंतर्गत आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लक्षित दंपत्तियों से संपर्क करेंगी इस दौरान योग्य दंपत्तियों की पहचान कर उन्हें परिवार नियोजन के अस्थायी एवं स्थायी साधनों की जानकारी दी जाएगी साथ ही नवविवाहित जोड़ों को "नई पहल किट" का वितरण भी किया जाएगा। द्वितीय चरण "सेवा प्रदायगी पखवाड़ा" 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा इस अवधि में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर एवं सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे शिविरों में अंतरा इंजेक्शन छाया टैबलेट माला-एन कंडोम एवं कॉपर-टी जैसे अस्थायी साधनों के साथ-साथ महिला एवं पुरुष नसबंदी हेतु पंजीयन एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी इसके अतिरिक्त योग्य दंपत्ति परामर्श, प्रसवोत्तर परिवार नियोजन एवं बच्चों के बीच उचित अंतर रखने के लाभों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। नसबंदी कराने वाले हितग्राहियों के लिए सारथी वाहन के माध्यम से घर से स्वास्थ्य केंद्र तक लाने एवं वापस छोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। बीईई श्रीमती सोमवती प्रजापति ने बताया कि "मिशन परिवार विकास" का मुख्य उद्देश्य कुल प्रजनन दर (ज्थ्त) को 2.1 तक लाना है पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा एवं एएनएम को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इन सेवाओं का लाभ उठाएं और "छोटा परिवार, सुखी परिवार" के संदेश को अपनाकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के क्लब सदस्य को जे.के. सीमेंट प्लांट, अमानगंज का एक्सपोजर विजिट कराया गया




**पन्ना।** संस्था प्राचार्य एवं ठप्ै मेंटर उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल से प्राप्त दिशा-निर्देशों के परिपालन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में संचालित भारतीय मानक ब्यूरो क्लब के सदस्यों के लिए "एक्सपोजर विजिट "का आयोजन किया गया। उक्त विजिट में क्लब के सदस्यों को अमानगंज स्थित श्रज्ञ ब्मउमदज प्लांट का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय मानकों की उपयोगिता, औद्योगिक उत्पादन में गुणवत्ता नियंत्रण की भूमिका तथा ठप्ै द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को सीमेंट निर्माण की संपूर्ण प्रक्रियाकृकच्चे माल के चयन, क्रशिंग, ग्राइंडिंग, क्लिंकर निर्माण, तथा फिनिशिंग तककृका विस्तृत अवलोकन कराया गया। भ्रमण के दौरान प्लांट के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार उच्च गुणवत्ता का सीमेंट तैयार किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि उत्पादन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता परीक्षण अत्यंत आवश्यक होता है, ताकि उत्पाद ठप्ै मानकों के अनुरूप हो। विद्यार्थियों को प्रयोगशाला का भी भ्रमण कराया गया, जहाँ आधुनिक उपकरणों के माध्यम से सीमेंट की गुणवत्ता की जांच की जाती है। क्लब सदस्यों के एक्सपोजर विजिट के दौरान संस्था की कम्प्युटर साइन्स व्याख्याता श्रीमती वर्षा प्रजापति, एवं अतिथि व्याख्याता श्रीमती पूजा खरे एवं श्री हरगोविंद कुर्मी साथ में रहे एवं इनके संरक्षण में सदस्यों द्वारा सीमेंट प्लांट का विजिट पूर्ण किया। संस्था प्राचार्य एवं ठप्ै मेंटर उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों के साथ जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ठप्ै क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानकीकरण गुणवत्ता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर व्यावसायिक एवं तकनीकी अनुभव प्राप्त हो सके।

## वर्षा जल संरक्षण का उदाहरण बनता फुलवारी





**पन्ना**

**जिले कें तहसील देवेन्द्र नगर से 5 किलोमीटर दूर एवं जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर स्थिति है। ग्रामीण को खारा पानी एवं गर्मी में जल संकट से गुजरना पड़ता था। जल जीवन मिशन आया टंकी बनी एवं पानी की समस्या कम हुई । लेकिन जमीन के नीचे पानी कम था वो खारा था। जल जीवन मिशन की व्यावस्था को मजबूत करने समर्थन संस्था ने अपने कार्यक्षेत्र में फुलवारी को शामिल किया एवं जलापूर्ति हेतु ग्राम विकास योजना का निमार्ण किया । जिसमें जल स्त्रोत को स्थायित्व प्रदान करने कुआं वोर को वारहमासी करने के लिये कदम उठाने की कार्ययोजना बनी।**

पंचायत,सरपंच,सामुदाय से वात की गई सभी की सहमति से वर्षा जल संरक्षण करने की दिशा में वर्ष 2023-24 से कार्य प्रारंम्भ किया गया। गांव के स्कूल का चयन कर पहला रूफवांटर हार्वेस्टिंग संरचना वनाई गई समस्या आयी लोगो ने रोका लेकिन पंचायत के मजबूत इरादो एवं सामुदाय के सहयोग से कार्य पूर्ण हुआ। लगातार कार्य चला एवं लगभग 80 घरो की छतो के पानी को जमीन में उतारने का कार्य पूर्ण हुआ। अभी 2025कृ26 अभी एक वर्ष में एक ही वर्षात का पानी जमीन में गया है,ग्रामीणो से चर्चा कर उसका प्रभाव समझने का प्रयास किया जा रहा है। समाज प्रगति सहयोग संस्था देवास,रिलायंस फाउन्डेसन एवं अजयगढ के सामुदाय के सैकड़ो लोगो ने ग्रामीणो से चर्चा कर प्रभाव को समझने का प्रयास किया एवं कार्य को प्रभावी माना। साथ ही गांव के समाजसेवी जल पुरूष रामबहादुर बागरी ने अपनी जमीन रेल्वे विभाग को मिटटी खोदने के लिये दे दिया । रामबहादुर बताते है की उनकी जमीन में तलैया थी लेकिन हम गहरी नही कर पा रहे थे ,रल्वे ने खुदाई करा कर तलाब का स्वारूप दे दिया जिससे वर्षा जल भर गया है। उससे गांव में जल स्तर बढ़ा,पशु,पंक्षी,जीव जन्तु को पर्याप्त पानी मिल रहा है। पन्ना जिला प्रत्येक गांव सूखे से प्रभावित होता है जल स्तर गिरने की खबरे आती है। लोग भी जानते है की जल स्तर क्यौ गिर रहा है लेकिन मानते नही न ही कोई उपाय करते है। फुलवारी वर्षा जल संचयन कृ ग्राम पंचायत फुलवारी वर्षा जल संचय की दिशा में एक कदम बढ़ा है उससे हम जिले के लिये और वेहतर मॉंडल अपना कर कुछ कर सकते है। लगातार प्रयास वैज्ञानिक तकनीक एवं प्रभावी निगरानी से कुछ वर्षो में समस्या दूर हो सकती है। रूफवॉंटर हार्वेस्टिंग कृ छतो में प्रया ढलान होता है एक ही जगह से पानी पाईप से नीचे उतारते ही है। मकान से थोड़ा दूर 5 फिट गहरा चौड़ा जगह के अनुरूप गड्ठा तैयार कर उसमें बढे वोल्डर 80 से 10 एम.एम के फिर उससे छोटे,फिर रेत की परत एवं उसके उपर बडेबोल्डर या गिट्टी गहराई के अनुपात में भरा जा सकता है। छत का पानी पाईप से उतरकर गड्ठे में उतार कर जमीन में पानी को छोंड़ दे।

**जल प्रहरी की भूमिका -**

ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी,समर्थन के कार्यकर्ता,जल मित्र, सामुदाय एवं समाजसेवी रामबहादुर बागरी की भूमिका अहम है। सामुदाय ने अपने घरो में छत के पानी को नीचे उतारने से खारापन एवं जल भरव के प्रभाव पर आज चर्चा कर रहे है। जिले के लिये यह मांडल कुछ हद तक कर सकता है।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर

## जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर निकाली जाएगी विशाल बाइक रैली



**पन्ना।** आगामी 20 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसको लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है विदित हो कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे दशा अवतार के रूप में जाने जाते हैं भगवान परशुराम का जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया को हुआ था जो उनकी जन्म जयंती के रूप में मनाया जाता है उक्त जानकारी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (स)के जिला अध्यक्ष पंडित राम गोपाल तिवारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई उन्हें बताया कि 20 अप्रैल सुबह 8रू00 बजे से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा एवं दोपहर 12रू00 बजे भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा इसके पश्चात हवन पूजन दोपहर 2रू00 बजे तक प्रसाद वितरण होगा उसके पश्चात शाम 4रू30 बजे से विशाल शोभा यात्रा श्री राम जानकी मंदिर से आयोजित की जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल में समाप्त होगी जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व नगर में एक बाइक रैली 4रू30 बजे आयोजित की जाएगी जो निर्माणाधिन परशुराम मंदिर से निकालकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए राम मंदिर में समाप्त होगी एवं उसी दिन 19 अप्रैल को शाम को राम जानकी मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें बच्चे अपनी कल की प्रस्तुति देंगे जिसमें डांस गायन एवं मेहंदी प्रतियोगिता होगी जन्मोत्सव के इस विशाल आयोजन में सभी महानुभावों से शामिल होने का अनुरोध किया।

### अजयगढ़ के तालाब में किया श्रमदान



**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद अजयगढ़ द्वारा खोए तालाब में जनसहभागिता से सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रमदान के जरिए जल स्रोतों के संरक्षण व पुनरूद्धार का संकल्प भी लिया गया। विकासखंड समन्वयक क्षमा खरे सहित नवांकुर संस्था प्रमुख महेन्द्र यादव, सभी परामर्शदाता एवं गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए और नदी घाट की सफाई में योगदान दिया। जन अभियान परिषद द्वारा दीवार लेखन के जरिए भी अभियान के महत्व के बारे में आमजनों को जागरूक किया जा रहा है।

## जिला प्रशासन के अधिकारी मानव अधिकारों से संबंधित प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करें



अध्यक्ष मानव अधिकार आयोग द्वारा दिए गए निर्देश

**पन्ना।** म.प्र. मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉण् अवधेश प्रताप सिंह ने पन्ना प्रवास के दौरान शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में मानव अधिकार हनन एवं उल्लंघन से संबंधित विभिन्न शिकायतोंए प्रकरणों एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित मामलों का संज्ञान लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। प्रारंभ में जिला कलेक्टरएएस पी व एनी अधिकारियों द्वारा माण्अध्यक्ष का स्वागत किया गया।डॉ सिंह ने कहा कि नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण अधिकारियों का संवैधानिक दायित्व है। इस दौरान आयोजित जनसुनवाई में पुराने 15 एवं 9 नवीन आवेदक नागरिकों की समक्ष में गंभीरतापूर्वक समस्याएं सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में पन्ना टाईगर रिजर्व सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकासए गृहए वनए शिक्षाए आबकारीए राजस्वए नगरीय विकास एवं आवास तथा श्रम विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को आयोग अध्यक्ष द्वारा सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रीष्मकाल के दौरान स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न आर्थिक सहायता के मामलों में लंबित बकाया राशि के तत्काल भुगतान के संबंध में निर्देशित किया। इस दौरान मौके पर ही कुछ मामलों का त्वरित निराकरण भी किया गया। आयोग अध्यक्ष डॉण् सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करेंए जिससे समाज में समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। उन्होंने पुलिस प्रकरणों में भी तत्परता से जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य कर आमजनों की हरसंभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें तथा अपने दायित्वों एवं कर्त्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन भी करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि समाज के प्रत्येक नागरिक के मूल एवं मानव अधिकारों का संरक्षण हो सके। अध्यक्ष ने समाज में बढ़ते पारिवारिक विवादों पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों को आपसी समझ और सुलह के माध्यम से घरों में ही सुलझाने का प्रयास किया जाए। इससे सामाजिक समरसता का वातावरण मजबूत होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि समाज जितना जागरूक होगाए उतने ही नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे। आयोग की जनसुनवाई के मौके पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदता नायडू द्वारा भी लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में की गई कार्रवाई विषयक जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तवए पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर सहित जिले के अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हितग्राहियों को कागजों में मृत दिखाकर छीनी पेंशन-राशन, पंचायत में और भी ऐसे कई लोग बताई जा रहे, वोट न देने का नतीजा

## चंद्रपुरा सरपंच पुत्र की धमकी, चुनाव में वोट नहीं दिया इसलिए नहीं मिलेगा किसी योजना का लाभ, जिला सीईओ ने दिए जांच के आदेश

छतरपुर।

जिले कि जनपद पंचायत गौरिहार कि ग्राम पंचायत चंद्रपुरा अंतर्गत सरपंच सचिव हितग्राहियों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र दर्शाकर समग्र आईडी से जहां नाम हटा रहे वहीं विधवा पेंशन खाद्यान्न पर्ची भी बंद की गई है।

ग्राम पंचायत चंद्रपुरा निवासी गिरजा विश्वकर्मा, पत्नी स्वर्गीय रामाधीन विश्वकर्मा ने जिला पंचायत सीईओ को दिए गए आवेदन में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव अमर सिंह द्वारा फर्जी तरीके से उन्हें मृत दर्शाकर समग्र आईडी से उनका नाम हटा दिया गया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इस कार्रवाई के चलते उनकी विधवा पेंशन भी बंद कर दी गई, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं। गिरजा विश्वकर्मा का कहना है कि वे पूरी तरह जीवित हैं, इसके बावजूद पंचायत रिकॉर्ड में उन्हें मृत दिखाया जाना न केवल गंभीर लापरवाही है, बल्कि उनके अधिकारों का हनन भी है।

कल्लू अहिरवार चंद्रपुरा पंचायत ने भी जिला पंचायत सीईओ को शिकायती आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं।




कल्लू अहिरवार का कहना है कि उन्हें भी फर्जी तरीके से मृत दर्शाकर समग्र आईडी से नाम हटा दिया गया, जिसके चलते उन्हें मिलने वाला भृत्य (चपरासी) मानदेय बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2005-06 से ग्राम पंचायत चंद्रपुरा में चपरासी के रूप में कार्य कर रहे हैं, लेकिन वर्ष 2022 से आज दिनांक तक उन्हें कोई मानदेय नहीं दिया गया। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि सरपंच रजुलिया पाल उनके प्रति दुर्भावना रखती हैं और कहती हैं कि उन्हें किसी भी शासकीय योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि पंचायत का संचालन सरपंच पुत्र राजा भैया पाल द्वारा किया जा रहा है और सरपंच की भूमिका नाम मात्र की रह गई है। ग्राम निवासी गिरजा विश्वकर्मा, कल्लू अहिरवार के बाद अब रामबाई रैकवार, पत्नी स्वर्गीय चुनूवाद रैकवार ने भी शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें फर्जी तौर पर मृत दर्शाकर समग्र आईडी से नाम हटा दिया गया। इसके चलते उनकी विधवा पेंशन और खाद्यान्न पर्ची (राशन) भी बंद कर दी गई है।

रामबाई रैकवार का आरोप है कि सरपंच पुत्र राजा भैया पाल द्वारा उन्हें धमकाया जा रहा है कि "तुम लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया, इसलिए किसी भी शासकीय योजना का लाभ नहीं मिलेगा।" इसी तरह के आरोप अन्य शिकायतकर्ताओं ने भी लगाए हैं। मजबूर होकर पीड़ितों ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि उनके नाम समग्र आईडी में पुनः जोड़े जाएं, बंद की गई योजनाओं का लाभ बहाल किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

ग्राम चंदपुरा निवासी रामबाई रैकवार पत्नी स्वर्गीय चुनूवाद रैकवार ने भी जिला पंचायत सीईओ को दिए गए आवेदन में सरपंच सचिव पर फर्जी तौर पर मृत दर्शाकर समग्र आईडी से नाम हटाने, विधवा पेंशन बंद करने और खाद्यान्न पर्ची बंद करने की शिकायत की है। सरपंच पुत्र राजा भैया पाल द्वारा उसे भी धमकी दी जा रही है कि तुम लोगों ने मुझे बोट नहीं दिया इसलिए किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा। हितग्राहियों की यह योजनाए बंद हो जाने के कारण वह परेशान है और मजबूर होकर उन्होंने जिला पंचायत सीईओं को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि क्या जिला पंचायत सीईओ इन हितग्राहियों को न्याय दिला पाते है या फिर सरपंच पुत्र की मनमानी इसी तरह चलती रहेगी। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, साथ ही समग्र आईडी में नाम पुनः जोड़कर विधवा पेंशन बहाल करने की गुहार लगाई है।

गौरिहार जनपद की ग्राम पंचायत चंद्रपुरा गांव के कुछ लोग आए हुए थे, जिन्होंने मुझे आवेदन दिए और बताया कि जिंदा लोगों को मृत दिखाकर योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। मैंने तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर गौरिहार जनपद सीईओ को विस्तृत जांच करने के निर्देश दिये है।

### इनका कहना है -

गौरिहार जनपद की ग्राम पंचायत चंद्रपुरा गांव के कुछ लोग आए हुए थे, जिन्होंने मुझे आवेदन दिए और बताया कि जिंदा लोगों को मृत दिखाकर योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। मैंने तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर गौरिहार जनपद सीईओ को विस्तृत जांच करने के निर्देश दिये है।

**ओम नमः शिवाय अरजरिया**
**जिला सीईओ, जिला पंचायत छतरपुर**

# अमावस्या पर मतंगेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, खजुराहो हुआ भक्तिमय

खजुराहो।

पावन अमावस्या के अवसर पर प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो स्थित मतंगेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के सुबह 4 बजे से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक निरंतर जारी रहा। मंदिर परिसर में हर ओर भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर के समीप स्थित शिवसागर तालाब में पवित्र स्नान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और दान-पुण्य कर पुण्य लाभ अर्जित किया। परंपरा के अनुसार महिला और पुरुष श्रद्धालु लमटेरा गाते हुए मंदिर पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।



अमावस्या के इस विशेष अवसर पर न केवल स्थानीय, बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए खजुराहो पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। घाट और मंदिर परिसर में एसडीओपी मनमोहन बघेल एवं थाना प्रभारी नंदकिशोर सोलंकी के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

नगर परिषद द्वारा एक दिन पूर्व ही शिवसागर तालाब के घाटों की साफ-सफाई कराई गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को स्नान एवं पूजा में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस दौरान सीएमओ बसंत चतुर्वेदी एवं नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी की भी सक्रिय भूमिका रही।

# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए एसपी की सराहनीय पहल

## एसपी कार्यालय में लगाए गए जल-पात्र और दाना, पक्षियों को मिलेगी राहत

छतरपुर।

भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय छतरपुर में शुक्रवार दोपहर एक सराहनीय और संवेदनशील पहल की गई। पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले के निर्देशन में परिसर में पक्षियों के लिए विशेष जल और दाना व्यवस्था कराई गई।

इस दौरान मिट्टी के सकोरे में पानी भरकर पेड़ों पर टांगा गया, ताकि गर्मी के इस तपते मौसम में पक्षी बिना किसी परेशानी के पानी पी सकें। साथ ही दाने की भी व्यवस्था की गई है।पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि जिस प्रकार गर्मी के दिनों में मनुष्यों के लिए पानी पीना अत्यंत आवश्यक होता है, उसी तरह पक्षियों के लिए भी जल और दाना बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ यह व्यवस्था की गई है, जिससे पक्षियों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके। एसपी कार्यालय परिसर में आने वाले पीड़ितों और आम नागरिकों के लिए भी शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की अलग से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस पहल के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# सेवा दिवस के रूप में मनाया गया विधायक का जन्मदिन, पुत्र आर्यवीर की अनोखी पहल



**राजनगर।** क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जहां राजनगर विधायक अरविंद पटरिया के जन्मदिन को उनके पुत्र आर्यवीर अरविंद पटरिया ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। विधायक के 46वें जन्मदिवस के अवसर पर आर्यवीर ने 46 पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अनाथालय, वृद्धाश्रम और गौशाला पहुंचकर सेवा कार्य किए और जरूरतमंदों की मदद की। आर्यवीर ने रक्तदान कर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य जन्मदिन को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर समाजसेवा से जोडना रहा।क्षेत्रवासियों ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है।

## जमीन विवाद में घर में घुसकर मारपीट, एसपी से लगाई गुहार



**छतरपुर।** भगवा थाना क्षेत्र के ग्राम सफन पट्टी में जमीन विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित प्यारेलाल कुशवाहा ने बताया कि 5 अप्रैल 2026 की दोपहर को गांव के कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर पत्नी मुनियाबाई के साथ अभद्रता की, गाली-गलौज की और लाठियों से मारपीट कर दी। जब शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे कई लोगों को चोटें आईं। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्यारेलाल कुशवाहा ने आगे बताया कि उन्होंने इस घटना की शिकायत भगवा थाने में की थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट सही तरीके से दर्ज नहीं की और कुछ आरोपियों के नाम भी शामिल नहीं किए गए।

# निगाही परियोजना में 'कृषि जागरूकता संगोष्ठी' सफलतापूर्वक संपन्न





सिंगरौली।

**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (NCL) की निगाही परियोजना द्वारा आयोजित "कृषि जागरूकता संगोष्ठी" का आयोजन 17 अप्रैल 2026 को सामुदायिक भवन, नंदगांव में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और आधुनिक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।**

इस संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को उन्नत खेती, बेहतर बीज चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं आधुनिक सिंचाई तकनीकों के प्रति जागरूक करना रहा। विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि अच्छी गुणवत्ता के बीजों के उपयोग से उत्पादन में 20-30% तक वृद्धि संभव है। साथ ही ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई अपनाकर पानी की 40-60% तक बचत की जा सकती है।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को फसल चक्र अपनाने, जैविक खाद (गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट) के उपयोग, समय पर निराई-गुड़ाई और कीटनाशकों के संतुलित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा, किसानों को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और बीमा योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन को जोड़कर किसान अपनी आय के अतिरिक्त स्रोत भी विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इसे बेहद उपयोगी बताते हुए ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की मांग की। कार्यक्रम में शामिल किसानों ने आधुनिक तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया और NCL द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की।

### उक्त अवसर पर कार्यक्रम में

मुख्य अतिथि के रूप में जी एम इन्वॉर्मेंट राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि डॉ जय सिंह सीनियर साइंटिस्ट कृषि विभाग,डॉ अखिलेश चौबे साईंटिस्ट कृषि विभाग सिंगरौली, एम के खरे सेवानिवृत कृषि विकास अधिकारी, प्रभाकर पाण्डेय मैनेजर भी एन आर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, सयोजक संजीव कुमार एसओ माइनिंग पर्यावरण विभाग निगाही उपस्थित रहे संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन अजीत पाण्डेय एन सी एल निगाही ने किया।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सीएसआर पहल के तहत जिला 22वीं एथलेटिक्स मीट को मिला प्रोत्साहन









सिंगरौली

जिले में आयोजित 22वीं जिला एथलेटिक्स मीट में खेल प्रतिभा का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला। जिला एथलेटिक एसोसिएशन, सिंगरौली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 22 स्कूलों के कुल 390 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत इस आयोजन को प्रायोजित कर खेल और युवा विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

प्रतियोगिता में 85 ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें दौड़, कूद और थ्रो इवेंट शामिल रहे। ये प्रतियोगिताएं चार आयु वर्गों—अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18 और अंडर 20 में संपन्न हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) उपस्थित रहे। उनके साथ श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) एवं श्री प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन उभरती प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। यह वार्षिक एथलेटिक्स मीट खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रही है, जहां विजेता खिलाड़ी अगस्त 2026 में जबलपुर में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक्स मीट में सिंगरौली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके बाद उन्हें नेशनल इंटर-डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप



### जमीनी विवाद में चाचा-भतीजों ने किया हमला, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर। जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के महाराजगंज गांव में पारिवारिक जमीनी विवाद को लेकर चाचा-भतीजों के बीच हिंसक मारपीट हो गई। पीड़ित राकेश लखेरा ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने सगे चाचा और भतीजों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। राकेश लखेरा ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि काफी समय से चल रहे जमीनी विवाद के चलते उनके चाचा परशुराम लखेरा, भतीजे बब्लू लखेरा, राजेश लखेरा और अन्य परिजनों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में राकेश के हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने बताया कि विवाद लंबे समय से चल रहा था, जो अब हिंसक रूप ले चुका है।

### एसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार



छतरपुर। पिपट थाना क्षेत्र की एक युवती ने छह साल से चली आ रही प्रेम संबंध की धोखाधड़ी और शारीरिक शोषण की शिकायत एसपी कार्यालय में दर्ज कराई है। युवती ने आरोप लगाया है कि ललौनी गांव निवासी युवक ने शादी का झांसा देकर पांच वर्ष तक उसके साथ शारीरिक शोषण किया और अंत में दूसरी लड़की से शादी करने का फैसला कर लिया।युवती के अनुसार, 2020 में दोनों के बीच संपर्क हुआ था, जिसके बाद धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध बन गया। युवक लगातार शादी का वादा करता रहा और इसी बहाने पांच साल तक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती किराए के मकान में छतरपुर शहर में रहती है। जब युवती ने शादी की बात उठाई तो युवक ने बताया कि उसके परिवार वालों ने उसकी शादी दूसरी लड़की से तय कर दी है और 20 अप्रैल को शादी होने वाली है। युवती ने बताया कि युवक ने उसे धमकी भी दी है कि यदि वह थाने में शिकायत करेगी तो उसे जान से मार दिया जाएगा। युवती ने बताया कि कई दिनों से वह थानों के चक्कर लगा रही है, लेकिन पुलिस उसकी मदद नहीं कर रही है। अंत में आज उसने एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत आवेदन दिया है और न्याय की गुहार लगाई है। युवती ने कहा कि आरोपी युवक बेवकूफ बनाकर उसे धोखा दे रहा है और अब शादी का बहाना करके भाग रहा है। इस मामले में युवती ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है ताकि आरोपी युवक पर उचित कानूनी कार्रवाई हो सके और उसे न्याय मिल सके।

### पकड़ी गई 135 क्वॉर्टर अवैध शराब, आरोपी फरार



घुवारा। भगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धरमपुरा-पिपरा में ग्रामीणों की सतर्कता से अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। देर शाम ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभालते हुए एक मोटरसाइकिल सहित 135 क्वॉर्टर अवैध शराब पकड़कर पुलिस के हवाले कर दी। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भगवां थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शराब व मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुरभि शर्मा ने बताया कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में छात्रों ने दिया पर्यावरण का संदेश

छतरपुर। महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र में शुक्रवार को आयोजित 'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रतियोगिता - गार्डन थीम एडिशन 2026 ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, नवाचार और पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रो. ममता बाजपेयी के निर्देशन में संपन्न इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि सीमित संसाधनों के बीच भी सृजनात्मकता के माध्यम से प्रकृति संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकते हैं। मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एन्वायरमेंट) एवं मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को कचरे के पुनः उपयोग की दिशा में प्रेरित करना और पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक बनाना था।

## खबर संक्षेप

### कचरे के ढेर से उठी लपटों ने कई गोमतियों को किया खाक देर रात कॉलेज चौराहा के समीप जॉन टावर के बगल की घटना, बड़ा हादसा टला

रीवा। शहर के कॉलेज चौराहे के समीप जॉन टावर के बगल में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे भीषण आग लगने की घटना सामने आई। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर रखी कई गोमतियां जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड और पुलिस की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास स्थित शोरूम और अन्य प्रतिष्ठान बड़े नुकसान से बच गए। बता दे आग सबसे पहले वहां लगे कचरे के ढेर से भड़की, जो भीषण गर्मी के कारण पूरी तरह सूख चुका था। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में रखी गोमतियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल विद्युत मंडल व फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। एहतियात के तौर पर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई, क्योंकि घटनास्थल के पास कई ट्रांसफार्मर भी लगे हुए थे, जिससे खतरा और अधिक बढ़ गया था। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को आसपास की दुकानों और शोरूम तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, आग लगने का कारण किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीड़ी या सिगरेट पीने के बाद जलता हुआ टुकड़ा कचरे में फेंकना माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों का अभी तक आधिकारिक खुलासा नहीं हो सका है।

### तेल चक्की में हादसाः हाथ फंसने से युवक की मौत

रीवा। जिले के अतरैला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। घटना के बाद पुलिस की कथित निष्क्रियता से नाराज परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र अंतर्गत भनिगवां बरहठा गांव निवासी अनूप वर्मा बीते दिन गांव में संचालित एक तेल चक्की में तेल निकलवाने गया था। इसी दौरान चक्की में उसका हाथ अचानक फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत नाजुक होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। आरोप है कि घटना के बाद परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे नाराज होकर परिजनों और ग्रामीणों ने अतरैला मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान आवागमन पूरी तरह बाधित रहा और क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझाइश दी।

# जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाएं लागू करें - मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश





रीवा । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को लागू करें। जनता का मन जीतकर जल गंगा संवर्धन अभियान तथा अन्य अभियानों को सफल बनाएं। जल संवर्धन और संरक्षण के कार्यों में प्रदेश को लगातार अग्रणी बनाए रखें। महिलाओं के अधिकारों को लेकर संसद में अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं। नारी सशक्तिकरण के लिए 20 अप्रैल को बड़े आयोजन करके हम सरकार की नारी सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता प्रगट करेंगे। कलेक्टर और एसपी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करके कानून और व्यवस्था की निगरानी करें। असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निगम और मंडलों का पुनर्गठन शीघ्र किया जाएगा। दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई दूध सहकारी समितियों के गठन तथा पुरानी समितियों के चुनाव पर भी कलेक्टर्स ध्यान दें। प्रदेश भर में गेंहू उपार्जन शुरू हो गया है। हम पहले दो हेक्टेयर तक जमीन वाले छोटे किसानों से उपार्जन कर रहे हैं। इसका जिला स्तर पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। खरीदी केन्द्रों का राजस्व तथा उपार्जन से जुड़े विभागों के अधिकारी नियमित निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों को उपार्जन के तीन दिन की अवधि में भुगतान कराएं। चना, मसूर और सरसों की भी खरीदी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मंडियों का भी नियमित रूप से निरीक्षण करके किसानों के लिए उचित प्रबंध कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में कई विभागों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। कलेक्टर लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण के साथ विभागवार विश्लेषण करके विभागीय योजनाओं की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें। गर्मियों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराएं। नशामुक्त भारत अभियान के तहत एनकोर समिति की हर माह बैठक आयोजित करके नशामुक्ति के प्रयासों को गति दें। जनगणना के लिए 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का कार्य किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों से स्व-गणना कराकर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे आमजन भी इसके लिए प्रेरित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का निराकरण करें। इनमें विभागवार प्राप्त पत्रों का विश्लेषण करके कलेक्टर संबंधित विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करें। कलेक्टर्स जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी सांदीपनि स्कूलों के नवीन भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान में डिंडौरी, खण्डवा तथा बड़वानी जिले में अच्छा कार्य हो रहा है। देश स्तर की रैंकिंग में डिंडौरी को प्रथम तथा खण्डवा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। अभियान के शुरूआत में प्रदेश छठवें स्थान पर था जो अच्छे कार्यों से अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों में शीघ्र ही स्वच्छता रैंकिंग के लिए सर्वेक्षण शुरू हो रहा है। इसमें देश में श्रेष्ठ से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने गर्मियों में सार्वजनिक स्थलों में निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था, ज्ञान भारत अभियान के तहत प्राचीन पाण्डुलिपियों को पोर्टल में अपलोड करने तथा गर्मियों में संचारी रोगों एवं लू से बचाव के संबंध में अस्पतालों में समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार तथा संभागीय अधिकारी शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## खनिज का अवैध परिवहन करते हाइवा समेत 3 वाहन जप्तः दर्ज हुआ प्रकरण

रीवा।

कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी के निर्देशों पर खनिजो के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही करते हुए सयुक्त जांच दल खनिज, राजस्व, एवं प्रदूषण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बैजनाथ हिनौती, खम्हारिया एवं अन्य ग्रामों का निरीक्षण किया गया। जानकारी के अनुसार सयुक्त जांच दल द्वारा बिना वैध दस्तावेज अनुमति संचालित स्टोन क्रेशर पर किए गए खनिज भंडारण का प्रकरण दर्ज किया गया। निरिक्षण के दौरान खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए एक हाइवा वाहन को जप्त कर नौबस्ता चौकी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया, साथही 02 ट्रैक्टर ट्रॉली को ग्राम बैजनाथ में खनिज पत्थर का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर प्रकरण दर्ज किए गए। जांच के दौरान पकड़े गए सभी वाहनों के प्रकरण टीम द्वारा तैयार कर निराकरण हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।गौरतलब होगा की खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ समूचे रीवा जिले में वाहनों की सघन चेकिंग के कार्यवाही का सिलसिला अनवरत जारी है। जांच कार्यवाही में उप संचालक खनिज दीपमाला तिवारी, खनिज निरीक्षक आरती सिंह द्वारा अवैध उत्खनन भंडारण तथा परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है

## कचरे के ढेर से उठी लपटों ने कई गोमतियों को किया खाक, देर रात कॉलेज चौराहा के समीप जॉन टावर के बगल की घटना, बड़ा हादसा टला



रीवा। शहर के कॉलेज चौराहे के समीप जॉन टावर के बगल में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे भीषण आग लगने की घटना सामने आई। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर रखी कई गोमतियां जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड और पुलिस की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास स्थित शोरूम और अन्य प्रतिष्ठान बड़े नुकसान से बच गए। बता दे आग सबसे पहले वहां लगे कचरे के ढेर से भड़की, जो भीषण गर्मी के कारण पूरी तरह सूख चुका था। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में रखी गोमतियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल विद्युत मंडल व फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। एहतियात के तौर पर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई, क्योंकि घटनास्थल के पास कई ट्रांसफार्मर भी लगे हुए थे, जिससे खतरा और अधिक बढ़ गया था। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को आसपास की दुकानों और शोरूम तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, आग लगने का कारण किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीड़ी या सिगरेट पीने के बाद जलता हुआ टुकड़ा कचरे में फेंकना माना जा रहा है।



## अमहिया व्यापारियों को राहतः कलेक्टर के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना, आज से खुलेंगी दुकानें

रीवा। शहर के अमहिया मार्ग पर प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में पिछले एक सप्ताह से आंदोलनरत व्यापारियों को आखिरकार राहत मिल गई। कलेक्टर द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद व्यापारियों ने अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही व्यापारियों ने घोषणा की है कि वे शनिवार से अपनी दुकानें पुनः खोलेंगे। जानकारी के अनुसार, सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक लगातार लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण की योजना बनाई गई थी। इस योजना के तहत करीब 200 मकानों और दुकानों को अतिक्रमण की श्रेणी में चिन्हित कर हटाने के निर्देश जारी किए गए थे।नगर निगम द्वारा जैसे ही कार्रवाई प्रारंभ की गई, प्रभावित क्षेत्र के व्यापारियों में असंतोष फैल गया। अस्पताल चौराहे से लेकर कलामंदिर मार्ग तक के व्यापारियों ने इसका विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पिछले सात दिनों से व्यापारी लगातार धरने पर बैठे रहे और प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं व आपत्तियां रखते रहे। आंदोलन के आठवें दिन व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिलने पहुंचा। बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव, पुनर्वास और वैकल्पिक व्यवस्था जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कलेक्टर ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उचित समाधान और आवश्यक विचार-विमर्श का आश्वासन दिया।कलेक्टर के सकारात्मक रुख और आश्वासन के बाद व्यापारियों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिए जाने के बाद उन्होंने सहयोग का रास्ता चुना है। धरना समाप्त होने से जहां एक ओर प्रशासन को राहत मिली है, वहीं व्यापारियों में भी संतोष और खुशी का माहौल है,हालांकि, सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को लेकर अंतिम निर्णय प्रशासन द्वारा आगे की चर्चा और योजना के बाद ही लिया जाएगा।

## बड़ागांव पंचायत में भ्रष्टाचार का 'डबल खेल'! जर्जर सड़क के नाम पर फिर निकली गई राशि

### सरपंच और कथित दलालों की सांठगांठ सक्रिय, शासकीय राशि का खुला दुरुपयोग — पानी की बूंद-बूंद को तरस रही जनता!

रीवा। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव एक बार फिर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। आरोप है कि सरपंच भारत कोरी द्वारा पूर्व में निर्मित गुणवत्ता विहीन सड़क, जो कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई थी, उसी के नाम पर बची हुई राशि को दोबारा निकाला गया है—लेकिन न तो सड़क की मरम्मत हुई और न ही धन का सही उपयोग।

### पहले भी बनी थी विवादित सड़क, जांच में मिली थी गड़बड़ी

ग्रामीणों के अनुसार, सिलचट टोला में बनाई गई सड़क पहले ही भ्रष्टाचार का उदाहरण बन चुकी थी। सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद उसकी हालत खराब हो गई थी। इस पर तत्कालीन जनपद सीईओ संजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया था और सड़क को गुणवत्ता विहीन करार दिया था। उन्होंने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर को सौंपी गई, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर लगातार अनियमितताएं और शासकीय राशि का दुरुपयोग हुआ है।

### फिर निकली राशि, लेकिन काम शून्य

जानकारी के मुताबिक, करीब 28 दिन पहले उसी सड़क के नाम पर बची हुई राशि फिर से निकाल ली गई। लेकिन हैरानी की बात यह है कि न तो सड़क की मरम्मत कराई गई और न ही कहीं कार्य होता दिख रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पैसा कथित दलालों और चाटुकारों के बीच बांट दिया गया है।

### हाईकोर्ट तक पहुंचा मामला

बताया जा रहा है कि सरपंच भारत कोरी और सचिव प्रवीण सिंह ने मामले में कानूनी बचाव के लिए हाईकोर्ट का रुख किया है, जिससे पूरे प्रकरण ने और गंभीर रूप ले लिया है।*जल संकट पर भी 'खेल' जारी* *(1)* बड़ागांव पंचायत में पानी की समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन समाधान के नाम पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं।

(2) जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं के तहत राशि खर्च होने के बावजूद गांव के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

(3)पीएचई विभाग द्वारा बनाई गई पानी की टंकी में पानी तो पहुंचता है, लेकिन पाइपलाइन के जरिए घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

(4)यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर इस सिस्टम में खामी कहां है?*समरसेबल पंप भी बने 'घोटाले' का जरिया

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा खरीदे गए समरसेबल पंपों का उपयोग आम जनता के बजाय सरपंच के करीबी लोगों के निजी हित में किया जा रहा है। सिलचट टोला जैसे इलाकों में हालात यह हैं कि गर्मी शुरू होते ही कुएं सूख जाते हैं और लोगों को 2–3 किलोमीटर दूर साइकिल से पानी लाना पड़ता है।

### प्रशासन पर भी उठे सवाल

ग्रामीणों ने प्रभारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान सीईओ प्राची चतुर्वेदी से मांग की है कि वे केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित न रहें, बल्कि बड़ागांव पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहराई से जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें।बड़ागांव पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर बार-बार सामने आ रहे भ्रष्टाचार के आरोप न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं, बल्कि आम जनता के बुनियादी अधिकार—सड़क और पानी—को भी प्रभावित कर रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पूरे मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है और क्या वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## नकदी-जेवरात छोड़ चोर ले गए बाइक और गैस सिलेंडर, चोरी का अजीब मामला सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

रीवा। शहर के समान थाना क्षेत्र से चोरी की एक बेहद अनोखी और चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने पुलिस और आमजन दोनों को हैरान कर दिया है। आमतौर पर चोरी की घटनाओं में जहां चोर नकदी, जेवरात और कीमती सामान को निशाना बनाते हैं, वहीं इस मामले में चोरों ने घर में मौजूद कीमती वस्तुओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर केवल मोटरसाइकिल और गैस सिलेंडर ही चोरी किए। जानकारी के अनुसार, घटना बीती रात की है, जब अज्ञात चोर एक सूने मकान में घुस गए। घर में प्रवेश करने के बाद चोरों ने सबसे पहले आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद उन्होंने उसी मोटरसाइकिल का उपयोग करते हुए घर के भीतर रखे दो भरे हुए गैस सिलेंडरों को बाहर निकाला और आराम से मौके से फरार हो गए। इस पूरी वारदात का तरीका इतना अलग और असामान्य था कि जिसने भी इसके बारे में सुना, वह हैरान रह गया। घर के अंदर सोने-चांदी के जेवरात, नगदी और अन्य कीमती सामान सुरक्षित पड़े रहे, लेकिन चोरों ने उन्हें हाथ तक नहीं लगाया। इससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि चोर पहले से ही मोटरसाइकिल और गैस सिलेंडर चोरी करने की योजना बनाकर आए थे। घटना के बाद पीड़ित मकान मालिक ने समान थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई पूरी घटनाघटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दो संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर गैस सिलेंडर लादकर ले जाते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में चोरों की गतिविधियां साफ नजर आ रही हैं, जिससे पुलिस को जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।



## समाजवादी योद्धा नरेंद्र प्रताप सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर विचार संगोठी आज

रीवा। संघर्षशील समाजवादी योद्धा स्वर्गीय श्री नरेंद्र प्रताप सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर शनिवार 18 अप्रैल को नारी चेतना मंच, समता सम्पर्क अभियान, विंध्यांचल जन आंदोलन एवं समाजवादी कार्यकर्ता समूह के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय मानस भवन पीली कोठी रोड रीवा में सायंकाल 4 बजे से एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। सभी संबंधित जनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपेक्षा की गई है।

## भगवान परशुराम जयंती पर शहर में आज निकलेगी भव्य शोभा यात्रा, झांकियां और साधु-संत रहेंगे आकर्षण का केंद

रीवा। भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आज रीवा शहर में भव्य एवं आकर्षक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर पूरे शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल है, वहीं विभिन्न स्थानों से साधु-संतों और श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शोभा यात्रा को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, जो भगवान परशुराम के जयकारों के साथ पूरे शहर का भ्रमण करेंगे। बता दे शोभा यात्रा की शुरुआत परशुराम आश्रम, इटौरा बाईपास से की जाएगी, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का जुटान शुरू हो जाएगा। यहां से यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा का समापन कोठी कंपाउंड स्थित शिव मंदिर में विधि-विधान के साथ किया जाएगा। शोभा यात्रा में भगवान परशुराम की भव्य झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके साथ ही ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते नजर आएंगे। आयोजकों के अनुसार, यात्रा को सांस्कृतिक और धार्मिक स्वरूप देने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से साधु-संतों के शामिल होने की संभावना है, जिससे आयोजन का धार्मिक महत्व और बढ़ जाएगा। यात्रा के समापन पर शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। यात्रा मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहेगा और आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किया जा सकता है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बीच सड़क पर युवक को बेल्ट-डंडों से बेरहमी दौड़ा-दौड़ाकर पीटावीडियो सोशल मीडिया में वायरल, समान थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के नीचे की घटना



रीवा। शहर में कानून व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े करते हुए मारपीट का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है,वायरल वीडियो समान थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के नीचे का बताया जा रहा है, जहां कुछ युवकों ने एक बाइक सवार को बीच सड़क दौड़ा-दौड़ाकर बेरहमी से पीटा। बता दे बुलेट सवार युवक को पहले घेर लिया जाता है, इसके बाद आरोपी बेल्ट और डंडों से उस पर ताबड़तोड़ हमला करते हैं। जान बचाने के लिए भाग रहा युवक सड़क पर गिर जाता है, जिसके बाद हमलावर उस पर टूट पड़ते हैं और लात-घूंसों के साथ लगातार मारपीट करते रहते हैं। बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना एक कार सवार ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर ली, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई है। पुलिस के अनुसार, यह मामला दो पक्षों के बीच आपसी विवाद का है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों ने शराब के नशे में आपस में विवाद के बाद मारपीट की। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। समान थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया और जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।गौरतलब है कि हाल ही में सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित साईं मंदिर के पास हुई मारपीट की घटना के बाद यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है। लगातार सामने आ रहे ऐसे वीडियो न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं, बल्कि शहर की कानून व्यवस्था को लेकर आमजन में भी चिंता बढ़ा रहे हैं।

# मऊगंज के विकास की राह में रोड़ा

## जल जीवन मिशन के ठेकेदार सड़को को गड्ढों में कर रहै तब्दील, प्रशासन मौन



मऊगंज जिले मे जलजीवन के ठेकेदारो द्वारा सड़को के बीच मे और सड़क के किनारे आनन-फानन मे पाइप बिछाने के लिए गड्ढे खोदकर गायब हो जाते है जिसका खामियाजा सड़क से गुजरने वाले राहगीर भुगतते है इन गड्ढो को समतल करने मे ठेकेदार रूचि नही दिखाते।इसी कड़ी मे जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत पूर्वी क्षेत्र के अल्हवा, केरहा और मझिगवां में सरकारी विभागों की आपसी खींचतान और ठेकेदारों की मनमानी ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। एक ओर जहां लोक निर्माण विभाग (**PWD**) और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (**RES**) लाखों-करोड़ों खर्च कर सड़कें बना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम इन सड़कों के लिए 'काल' साबित हो रहा है।क्षेत्र में चर्चा है कि मुख्य ठेका लेने वाली कंपनी दिलीप बिल्डकॉम ने जल जीवन मिशन का काम 'पेटी' (सब-कॉन्ट्रैक्ट) पर किसी यादव नामक व्यक्ति को दे रखा है। नियमों को ताक पर रखकर पाइपलाइन के लिए सड़कों को बीचों-बीच से खोद दिया गया है। आलम यह है कि सड़क बनाने वाली एजेंसी अभी काम पूरा भी नहीं कर पाती कि पाइपलाइन डालने वाले उसे तहस-नहस कर देते हैं।मरम्मत के नाम पर सिर्फ 'खानापूर्ति'ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत के नाम पर सिर्फ मिट्टी और घटिया सामग्री डालकर औपचारिकता निभाई जा रही है।और आधे-अधूरे गड्ढों के कारण आए दिन राहगीर और दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।"एक विभाग सड़क बनाता है, दूसरा उसे खोद देता है। ठेकेदार को जनता की जान की परवाह नहीं है। अगर समय रहते इन सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो कभी भी कोई बड़ी जनहानि हो सकती है।"प्रशासनिक मौन पर सवालहैरानी की बात यह है कि निर्माण एजेंसियों और जल जीवन मिशन के बीच किसी भी तरह का समन्वय नजर नहीं आ रहा है। जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी इस "सड़क सत्यानाश" अभियान पर आंखें मूंदे बैठे हैं।

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने पेश की इंसानियत की मिसाल

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को निजी वाहन से पहुंचवाया अस्पताल, घायलों को समय पर मिला उपचार

मऊगंज



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक गिरीश गौतम ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए सड़क हादसे में घायल लोगों को निजी वाहन के सहयोग से उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। सड़क के किनारे घायल अवस्था में पड़े लोगों को देखकर विधायक गौतम ने खुद गाड़ी रूकवाई और घायलों को अपने काफिले के निजी वाहन से चिकित्सा सुविधा के लिए न केवल सिविल अस्पताल मऊगंज भिजवाया बल्कि चिकित्सकों से दूरभाष पर संपर्क कर बेहतर इलाज हेतु निर्देशित किया।बता दें कि 16 अप्रैल की दोपहर बाद देवतालाब विधायक गिरीश गौतम नईगढ़ी क्षेत्र के बहुती कैछुआ मार्ग होकर कार्यक्रम में जा रहे थे, जैसे ही विधायक का काफिला कैछुआ गांव के पास पहुंचा तो सड़क के किनारे दो बाइकें पड़ी-दिखी और पास में ही कुछ लोग लहूलुहान हालात में पड़े दिखे, घायलों को देखते ही विधायक ने न केवल गाड़ी रूकवाई बल्कि वाहन से उतरकर घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जाना और आनन फानन घायलों को अपने काफिले के वाहन से अस्पताल भिजवाया। गौरतलब है कि कैछुआ मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही दो बाइकों के बीच टक्कर हो जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।स्थानीय लोगों एवं घायलों के परिजनों ने विधायक गिरीश गौतम कि इस दरियादिली की जमकर प्रशंसा की और इसे सच्चा जन सेवा का उदाहरण बताया।

## बढ़ते तापमान के कारण स्कूलों के समय में किया गया परिवर्तन

रीवा । जिले में वर्तमान में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने छात्र-हित में स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले संचालित होने वाले समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध विद्यालयों के समय में तत्काल प्रभाव से बदलाव किया गया है। यह नया नियम नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं पर लागू होगा, जिसके तहत अब शाला संचालन का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियत कर दिया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।